जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025

अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा की

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मदनलाल भाटी ने सोमवार को जैसलमेर जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति जैसलमेर के सभागार में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रतिभागियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद एवं खुली परिचर्चा की।

ओबीसी आयोग के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष ने कहा कि इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य आयोग द्वारा आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर ओबीसी वर्ग से जुड़े क्षेत्रवार मुद्दों, विकास संबंधी आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों एवं कल्याण से जुड़ी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को संकलित करना है, ताकि इनके आधार पर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर एक समठा एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा सके।

उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालन में आयोग को राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में सभी स्तरों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसकी तीव्रता एवं उसके प्रभावों का समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन करना है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में ओबीसी आरक्षण के संबंध में समयबद्ध अनुशंसाएं राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी हैं।

भाटी ने कहा कि आयोग का उद्देश्य राजस्थान में सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। इसके लिए पंचायती राज एवं शहरी निकायों में ओबीसी जातियों को आरक्षण देने का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक फार्मूला तय कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर प्रदेश में आरक्षण लागू किया जाएगा।

खुली परिचर्चा के दौरान पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व नगर विकास न्यास अध्यक्ष उमेदसिंह तंवर, पूर्व नगरपरिषद सभापति अशोक तंवर, पूर्व उप सभापति खींवसिंह, कर्नल (से.नि.) अचलाराम पंवार सहित अन्य वक्ताओं ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार रखे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने मूल ओबीसी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में वर्गीकरण, जनसंख्या के अनुपात में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों में राजनीतिक आरक्षण एवं तमिलनाडु मॉडल के अनुरूप ओबीसी आरक्षण व्यवस्था को राजस्थान में लागू करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर पंचायत समिति सम के प्रधान तनेसिंह सोढ़ा एवं पंचायत समिति फतेहगढ़ के प्रधान जनकसिंह ने ओबीसी वर्ग की अति पिछड़ी जातियों के लिए पृथक आरक्षण की अनुशंसा किए जाने का आग्रह किया।

वहीं शंकरसिंह, गीता बोरावट, कोजराजसिंह, कैलाश कच्छावा, अधिवक्ता अनवर खां मेहर, गोरधनसिंह, कमलसिंह सहित अन्य प्रतिभागियों ने जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर ओबीसी जातियों को आरक्षण का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर जितेंद्रसिंह सादू एवं आयुक्त नगरपरिषद जैसलमेर लजपालसिंह सोढ़ा भी उपस्थित रहे।

जनसंवाद के माध्यम से प्राप्त सुझावों को आयोग की रिपोर्ट में सम्मिलित कर राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रदेश में ओबीसी वर्ग के राजनीतिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिल सके।

सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह की तैयारी पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। पाली सांसद और एक राष्ट्र, एक चुनाव जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने सोमवार को जिला प्रशासन के साथ बैठक की।

इस बैठक में 25 दिसंबर, बांगड़ स्टेडियम में होने वाले सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में समापन समारोह का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीच सुचारु समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया। समापन समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आभासी रूप से संबोधित करेंगे। सांसद चौधरी ने कहा कि 25 दिसंबर को होने वाला समापन समारोह बांगड़ स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों सहित विधायक, जिला प्रशासन, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से शामिल होंगे। यह गत 3 नवंबर को शुरू हुए सांसद खेल महोत्सव का सफल समापन होगा।

सांसद चौधरी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आठों विधानसभाओं को अंतिम निर्देशों के अनुरूप, ज़िला-स्तर और संसदीय क्षेत्र-स्तर की भागीदारी सहित विविध कार्यान्वयन मॉडलों के लिए पूरी तरह तैयार करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के आभासी संबोधन को ध्यान में रखते हुए पुख्ता कनेक्टिविटी और समुचित बुनियादी सुविधाओं समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में सांसद खेल महोत्सव के दीर्घकालिक विज़न पर प्रकाश डालते हुए सांसद चौधरी ने कहा कि यह पहल सिर्फ़ एक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे पूरे देश में खेल से संबंधित टिकाऊ इकोसिस्टम तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने इस बात की ओर भी इंगित किया कि समापन समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के साथ हो रहा है, जो शासन, युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र-निर्माण के विषयों को जोड़ने का अवसर देता है। उन्होंने आयोजन को लोगों तक पहुँच और प्रसार-प्रचार बढ़ाने के लिए संपूर्ण पाली एवं जोधपुर जिले में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुरूप ही इसे समन्वित एवं सफल मंचन करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर एलएन मंत्री एवं आयोजन से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

योजनाओं का प्रचार

जालोर, (का.सं.)। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले के पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को विकास रथ आहोर विधानसभा की मेडा उपरला, चांदना, सियाणा, रायपुरिया व सिवणा,, जालोर विधानसभा की पोषाणा, उनड़ी, देताकलां व कोमता, भीनमाल विधानसभा की नरसाणा, धुम्बडिया, लाखनी, भालनी व बाली, सांचौर की गोमी, जानवी में पहुंचे।

अरावली के लिए रैली निकाली

रेवदर, (निसं)। अरावली पर्वतमाला की परिभाषा सर्वोच्च न्यायालय की ओर से परिभाषित करने के बाद प्रदेश भर में पर्यावरण प्रेमी अरावली बचाने को एकजुट होकर विरोध और प्रदर्शन कर रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरोही जिले की तहसील रेवदर के सभी पर्यावरण प्रेमीयो ने मिलकर राजनीति से परे अरावली बचाने को लेकर अरावली बचाओ संघर्ष समिति का गठन कर कस्बे के सरेसी माता मंदिर परिसर में अरावली बचाओ के आहवान पर लोग एकत्रित होकर उपखण्ड मुख्यालय के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचे। उपखण्ड अधिकारी राजन लोहिया को ज्ञापन सौप कर अरावली बचाने की मांग का ज्ञापन उच्च स्तर पर भिजवाने का निवेदन किया। सर्वोच्च न्यायालय में अरावली की जो परिभाषा दी गई है वह भूगोल के विरुद्ध है और खनन माफियाओ के हौसले बुलंद होंगे। अरावली बचाओ आंदोलन समिति तहसील रेवदर ने अरावली बचाओ देश बचाओ के नारे लगाकर इस व्याख्या के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करवाई।

किसान सम्मेलन का होगा सीधा प्रसारण

जालोर,(नि.सं.)। 23 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे जिला संदर्भ केन्द्र में किसान सम्मेलन किया जायेगा। जिला स्तरीय सम्मेलन में नागौर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित राज्य किसान सम्मेलन-उन्नत खेती समृद्ध किसान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

अतिक्रमण हटा

बालोतरा, (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को खेड रोड पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नगर परिषद की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर सडक किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा नियमों के उल्लंघन पर 4500 रुपये का चालान काटा गया। नगर परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता ने बताया कि शनिवार को जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के शहर भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशों के क्रम में आज नगर पपिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा था और आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राज.)
(अस्पताल चौराहा जोधपुर रोड जालोर-343001)

Tel. 02973-222270 Email: mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक-नपजा/भूमि नियमन/2025/6448

आपत्ति आमंत्रण सूचना

दिनांक-20.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद क्षेत्र जालोर के 69ए पट्टे के वदल पट्टा व खांचा भूमि के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं आवेदकों के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

क्र. सं.	प्रकरण	आवेदक का नाम/पता व भूखण्ड का पता	आडौस-पडौस चतुर्थदशी	भूखण्ड का क्षे. (वर्गगज)	प्रयोजन का प्रकार
1	128/2025-26	श्री हेमराज जैन पुत्र चुन्नीलाल जैन कल्याण नगर जालोर	उत्तर-प्लोट नं. 49 दक्षिण- प्लोट नं. 90 पूर्व- प्लोट नं. 84 पश्चिम- रास्ता	355.55	आवासीय
2	129/2025-26	श्रीमती सतोष देवी पत्नि चुन्नीलाल अखाडा गली तिलक द्वार के अन्दर जालोर	उत्तर-प्लोट नं. चंदन सिंह दक्षिण- प्लोट नं. अखाडा भूमि पूर्व- प्लोट नं. चौक पश्चिम- अन्य भूमि	133.33	आवासीय
3.	130/2025-26	श्रीमती अनीता देवी पत्नि ओटाराम महादेव जी गली जागनाथ मंदिर राजेन्द्र नगर जालोर	उत्तर-प्लोट नं. महेन्द्र/डायाराम दक्षिण- प्लोट नं. ताराराम/छोगाराम पूर्व- चम्पालाल/तेजाराम पश्चिम- आम रास्ता	95.00	आवासीय
4	131/2025-26	प्रधान डाकपाल जालोर शिवाजी नगर जालोर जरिये फूलाराम सोलंकी पुत्र केराराम सोलंकी	उत्तर-प्लोट नं. रास्ता 50 फिट दक्षिण- प्लोट नं. रास्ता 50 फिट पूर्व- प्लोट नं. रास्ता 50 फिट पश्चिम- रास्ता 50 फिट	3966.00	आवासीय
5	132/2025-26	प्रधान डाकपाल जालोर शिवाजी नगर जालोर जरिये फूलाराम सोलंकी पुत्र केराराम सोलंकी	उत्तर-प्राइवेट सम्पत्ति दक्षिण- रास्ता 50 फिट पूर्व- रास्ता 50 फिट पश्चिम- रास्ता 50 फिट	2000.00	आवासीय
6	133/2025-26	श्रीमती चुकी देवी पत्नि नारायणलाल एफसीआई गोदाम के पीछे, जालोर	उत्तर-प्लोट नं. मुकनाराम का मकान दक्षिण- रास्ता 25 फिट पूर्व- होसाराम भील का मकान पश्चिम- रास्ता 25 फिट	1500.00	आवासीय

आयुक्त, नगर परिषद जालोर

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

२ साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में ₹2,000 + करोड़ की स्वीकृति

राज्य परियोजनाओं से कृषकों को ₹1,200 करोड़ का हस्तांतरण

मुख्य अतिथि
श्री शिवराज सिंह चौहान
माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

अध्यक्षता
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

नागौर जिले में ₹351 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

राशि हस्तांतरण

कृषि एवं उद्यानिकी योजनाएं
31,600 कृषकों को ₹200 करोड़

कृषि आदान-अनुदान
5 लाख कृषकों को ₹700 करोड़

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण
18,500 लाभार्थियों को ₹100 करोड़

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना
4.50 लाख पशुपालकों को ₹200 करोड़

23 दिसम्बर, 2025 | अपराह्न 12:00 बजे | डांगावास, मेड़ता सिटी (नागौर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद